[ 31/7/2025]

प्रश्न सं. [ क्र. 183 ]

मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय

प्रश्न

Parisist –1

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक :- 22.07.2025

वर्ग : 1 सदन मे उत्तर देने का दिनांक 31.07.2025 विभाग का नाम : लोक निर्माण विभाग

विषय :- विधान सभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 183 द्वारा माननीय श्री दिव्यराज सिंह।

संदर्भ :- कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) रीवा परिक्षेत्र रीवा (म.प्र.) का पत्र क्रमांक 3925 दिनांक 15.07.2025.

(अतारांकित प्रश्न कमांक 183) श्री दिव्यराज सिंह
क्या लोक निर्माण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगें कि –

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| (क) जिला रीवा के विकासखण्ड जवा अन्तर्गत डभौरा से हरदोली मार्ग का निर्माण कब कराया गया था? उक्त मार्ग मरम्मतीकरण की अवधि विभाग के द्वारा क्या निर्धारित की गई थी? पृथक–पृथक विवरण उपलब्ध करावें। | (क) जिला रीवा के विकासखण्ड जवा अन्तर्गत डभौरा से हरदोली मार्ग का निर्माण कार्य हेतु पैकेज क्रमांक एमपी3231 अन्तर्गत कार्यादेश पत्र क्रमांक 1548 दिनांक 04.10.2008 का जारी किया गया था। जिसकी कार्य पूर्णता दिनांक 01.10.2013 थी एवं जिसकी संधारण अवधि दिनांक 30.09.2018 तक थी।<br>पॉच वर्ष पश्चात मार्ग संधारण हेतु पैकेज क्रमांक एमपी32एमटीएन116 अन्तर्गत कार्यादेश क्रमांक 3254 दिनांक 25.02.2019 को जारी किया गया। जिसकी संधारण अवधि दिनांक 25.02.2024 को पूर्ण हुई।<br>दस वर्ष पश्चात मार्ग संधारण हेतु पैकेज क्रमांक एमपी32पीटीएन100 अन्तर्गत कार्यादेश क्रमांक 676 दिनांक 29.05.2024 को जारी किया गया। मार्ग संधारण पूर्णता अवधि दिनांक 28.05.2029 तक है। |
| (ख) प्रश्नांश (क) में उल्लेखित मार्ग वर्तमान में उखड़ गया है तथा कई स्थानों में गड्ढे हो गए हैं, निर्माण एजेंसी एवं जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारीयों के विरूद्ध विभाग के द्वारा क्या कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी? | (ख) मार्ग संधारण कार्य हेतु संविदाकार को नोटिस जारी किया गया है। |
| (ग) यह कि प्रश्नांकित मार्ग का पुनः मरम्मतीकरण कार्य कब तक करा लिया जावेगा? | (ग) अनुबंध अनुसार मार्ग संधारण अवधि दिनांक 28.05.2029 तक है वर्तमान में मार्ग संधारण (मरम्मतीकरण) कार्य प्रगतिरत है। |

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय

(प्रदीप कुमार सक्सेना)
महाप्रबंधक
म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
परियोजना कियान्वयन इकाई रीवा
जिला रीवा (म.प्र.)